Constitution Day celebrated by the NSS Unit on 26th Nov, 2020

'आर्य कन्या महाविद्यालय में मनाया संविधान दिवस'

शाहबाद मारकंडा (मदन): आर्य कन्या महाविद्यालय में एन.एस.एस. यूनिट द्वारा ऑनलाइन संविधान दिवस मनाया गया। भारतीय संविधान की विभिन्न विशेषताओं को स्वयं सेविकाओं ने अपनी चित्रकला व रंगों के माध्यम से प्रदर्शित किया। स्वयं सेविकाओं ने अपने-अपने घरों से ही पोस्टर बनाकर व स्लोगन लिखकर अपने मन के उद्‌गार व्यक्त किए। महाविद्यालय की प्राचार्य डा. सुनीता पाहवा कहा कि 26 नवंबर भारतीय इतिहास का गौरवशाली दिन है, जिस दिन भारत सरकार द्वारा भारतीय संविधान को अपनाया गया था जोकि बाद में 26 जनवरी को लागू किया गया। एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारी डा. मुमताज ने स्वयं सेविकाओं को संविधान दिवस का ऐतिहासिक महत्व बताया। डा. सिमरजीत कौर ने छात्राओं को बताया कि भारतीय संविधान विश्व का सबसे लंबा लिखित संविधान है।

INDIAN CONSTITUTION DAY
26TH NOVEMBER 2020
BY N.S.S UNIT ARYA KANYA
MAHAVIDHALAYA SHAHBAD

शाहाबाद में आर्य कन्या महाविद्यालय में छात्राओं द्वारा बनाए गए पोस्टर।

पंजाब केसरी - 27



National Youth Day Celebrations from 7th Jan to 12th Jan 2021

'स्वामी विवेकानंद जयंती पर राष्ट्रीय युवा सप्ताह का शुभारंभ'

शाहाबाद मारकंडा, 12 जनवरी (मदन): आर्य कन्या महाविद्यालय में एन.एस.एस. की दोनों इकाइयों द्वारा 12 से 19 जनवरी तक मनाए जाने वाले युवा सप्ताह का स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर शुभारंभ कालेज की प्राचार्या डा. सुनीता पाहवा ने किया। उन्होंने छात्राओं को कहा कि स्वामी विवेकानंद के बताए हुए मार्ग पर चलकर आप राष्ट्रीय उन्नति में योगदान दें। स्वस्थ व यंग इंडिया कार्यक्रम के तहत एन.एस.एस. स्वयंसेवकों ने घर से योग, व्यायाम अपने आस-पड़ोस के युवाओं व परिवारिक सदस्यों के साथ किया। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि यदि शारीरिक रूप से स्वस्थ होंगे तो आप सशक्त राष्ट्र निर्माण में भागीदारी कर सकेंगे और करोना जैसी महामारी से आप लड़ सकेंगे।

कार्यक्रम में कॉलेज के लगभग 148 छात्राओं ने ऑनलाइन माध्यम से भाग लिया व योग तथा व्यायाम किया। इस अवसर पर एन.एस.एस. अधिकारी डा. मुमताज व डा. सिमरजीत कौर मौजूद थे।

योगाभ्यास करते बच्चे। 2021

13 जनवरी कुरुक्षेत्र केसरी

DATE

PAGE

'पोस्टरों व स्लोगन के माध्यम से लोगों को कोरोना बारे किया जागरूक'

14 जनवरी 2021

शाहाबाद मारकंडा, 13 जनवरी (कीर्ति): आर्य कन्या महाविद्यालय की एन.एस.एस. इकाइयों द्वारा चलाए जा रहे राष्ट्रीय युवा सप्ताह के दूसरे दिन स्वयं सेविकाओं ने ऑनलाइन पोस्टर व स्लोगन के माध्यम से कोरोना महामारी के प्रति लोगों को जागरूक किया। कोरोना महामारी से बचाव के उपायों से संबंधित विभिन्न विषयों पर उन्होंने पोस्टर बनाए व स्लोगन लिखे। कॉलेज की प्राचार्या डा. सुनीता पाहवा ने स्वयं सेविकाओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि जन जागरण का महत्वपूर्ण उद्देश्य केवल युवाओं के सहयोग से ही पूरा किया जा सकता है। इस अवसर पर एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारी डा. मुमताज व डा. सिमरजीत कौर भी मौजूद थी।

छात्राओं द्वारा ऑनलाइन बनाए गए पोस्टर व स्लोगन। (आजाद)

पंजाब केसरी

13 Jan 202

7th Day 19 Jan-2021

RUN for Youth by NSS Volunteers
and their Neighbours

Orientation lecture for NSS volunteers on 25th Jan, 2021

Seven days NSS Camp from 17th to 23rd Feb. 2021 was held (Nagla Village)

On the occasion of International Yoga Day, the Yoga Training Programme was held from 7th to 12th Jun, 2021.





Observed 7th International Yoga Day in College Auditorium on 21st Jun, 2021.